हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी
मंगलवार 08 सितंबर 2026 बर्ष 02 अंक 221 पृष्ठ 4
www.keshavtv24.com
Email:keshavtvbihar@gmail.com

अनमोल वचन

इंसान की सोच ही उसे राजा बनाती है, उसके लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राहत शिविरों का किया निरीक्षण

### पीड़ितों से मिलकर जानी समस्याएं, स्वयं परोसा भोजन और उनके साथ बैठकर किया भोजन







**केशववाणी पटना (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैशाली एवं सारण जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाजीपुर एवं सोनपुर में संच. ालित बाढ़ राहत शिविरों का निरीक्षण कर वहां रह रहे प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने भोजन व्यवस्था का जायजा लेते हुए प्रभावित लोगों को स्वयं भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत शिविरों में रहने वाले लोगों को भोजन, पेयजल, स्वच्छता और अन्य जरूरी सु. विधाओं की किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

**बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा**

मुख्यमंत्री ने राहत शिविरों में संचालित आंगनबाड़ी एवं शैक्षणिक शिविरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, शैक्षणिक गतिविधियों और खान–पान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभा. वित नहीं होनी चाहिए और शिविरों में शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जाएं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण कर अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा शिविरों में पर्याप्त मात्रा में दवाओं के साथ पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने को भी कहा।

**मृतकों के आश्रितों को 4–4 लाख रुपये की सहायता**

बाढ़ के दौरान डूबने से हुई मौत के मामलों में मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को 4–4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकार की ओर से निर्धारित सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराया जाएगा। फसल क्षति का आकलन पूरा होने के बाद प्रभावित किसानों को नियमानुसार समुचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

**राहत–बचाव कार्यों में तेजी के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता के साथ काम करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्हा. ने प्रशासनिक अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने तथा जरूरत के अनुसार राहत एवं बचाव कार्यों को और तेज करने को कहा।

## नालंदा में 10 सितंबर को जॉब कैंप, 18 पदों पर होगी भर्ती

### मैनेजर, सेल्स मैनेजर और ऑफिस मैनेजर पदों के लिए 10वीं से स्नातक एवं एमबीए तक के अभ्यर्थी ले सकेंगे हिस्सा




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बेरोजगार युवक–युवतियों के लिए रोजगार का अवसर लेकर जिला नियोजनालय, नालंदा की ओर से 10 सितंबर 2026 को जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देश के आलोक में आयोजित इस जॉब कैंप में निजी कंपनी इन्वेस्टमेंट प्वाइंट, बिहारशरीफ द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि जॉब कैंप का आयोजन संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय, नालंदा, बिहारशरीफ के परिसर में होगा। यह स्थान बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप स्थित है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को कैंप में पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। कंपनी की ओर से कुल 18 रिक्तियों के लिए भर्ती की जाएगी। इसमें मार्केटिंग मैनेजर, सेल्स मैनेजर और ऑफिस मैनेजर सहित विभिन्न पद शामिल हैं। पदों के अनुसार अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं एमबीए निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार से 15 हजार रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा। नौकरी का कार्यस्थल बिहारशरीफ, नालंदा रहेगा। जॉब कैंप में पुरुष और महिला दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अधिक से अधिक युवाओं से शामिल होने की अपील जिला नियोजनालय ने जिले के बेरोजगार युवक–युवतियों से इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। जिला नियोजनालय ने युवाओं से निर्धारित तिथि और स्थान पर समय से पहुंचने तथा भर्ती से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक प्रमाणपत्र एवं अन्य जरूरी दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

## हैदराबाद में 20 लाख के जेवर चोरी, नालंदा से नौकर और स्वर्ण व्यवसायी गिरफ्तार

### आठ महीने से बिहारशरीफ में पहचान छिपाकर रह रहा था मुख्य आरोपी, चोरी के जेवर खरीदने का आरोप




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** हैदराबाद के एक कारोबारी के घर से करीब 20 लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात चोरी के मामले में हैद. राबाद पुलिस ने नालंदा में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी का मुख्य आरोपी घरेलू नौकर और चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में बिहारशरीफ का एक स्वर्ण व्यवसायी शामिल है। कार्रवाई में स्थानीय पुलिस ने भी सहयोग किया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी की पहचान पटना जिले के सुबोध कुमार के रूप में हुई है, जबकि चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित आराध्य गोल्ड ज्वेलर्स के संचालक राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद हैदराबाद पुलिस दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ले गई है।

हैदराबाद के लंगरहाउस थाना के थानाध्यक्ष सत्यनारायण के अनुसार, सुबोध कुमार इलाके के कारोबारी राघवेंद्र के घर पर घरेलू नौकर के रूप में काम करता था। कई महीनों तक घर में काम करने के दौरान उसने गृहस्वामी और उनके परिवार का विश्वास जीत लिया था। एक दिन परिवार के सभी सदस्य बाजार गए हुए थे। इसी दौरान घर को सुनसान पाकर सुबोध ने अलमारी से करीब 20 लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात चोरी कर लिए और फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित कारोबारी ने लंगरहाउस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। वारदात के बाद सुबोध नालंदा पहुंच गया और करीब आठ महीने से अपनी पहचान छिपाकर बिहार थाना क्षेत्र के बाबा मणिराम अखाड़ा के पास एक घर में काम कर रहा था। तकनीकी अनुसंधान और मिले सुरागों के आधार पर हैदराबाद पुलिस नालंदा पहुंची और बिहार थाना पुलिस के सहयोग से सुबोध को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि उसने चोरी के सभी जेवर रामचंद्रपुर स्थित आराध्य गोल्ड ज्वेलर्स के संचालक राजेश कुमार को बेच दिए थे। सुबोध की निशानदेही पर हैदराबाद पुलिस ने लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित ज्वेलरी दुकान में छा. पेमारी कर संचालक राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में राजेश ने भी चोरी के जेवर खरीदने की बात स्वीकार की है। हालांकि, प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों के पास से चोरी किए गए जेवरात बरामद नहीं हो सके। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि हैदराबाद पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर हैदराबाद ले गई है। वहां पूछताछ के आधार पर चोरी के जेवरात बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

## नालंदा में नदियों का जलस्तर घटा, बाढ़ का खतरा टला; तटबंधों की मरम्मती और मजबूती का काम जारी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में लगातार जलस्तर की निगरानी के बीच राहत की खबर है। जिले की अधिकांश नदियों का जलस्तर सामान्य है और कई नदियों में पानी लगातार घट रहा है। जिला प्रशासन की ओर से सोमवार सुबह 9 बजे जारी जलस्तर रिपोर्ट के अनुसार फिलहाल जिले में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है और किसी बड़े नुकसान की आशंका भी नहीं बताई गई है। बिहारशरीफ अंचल में पंचाने नदी का जलस्तर घटा है। नूरसराय में शाशी और अधियारी नदी का जलस्तर सामान्य बना हुआ है। हालांकि सरगांव में शाशी नदी पर बने छिलका के मरम्मती कार्य में नदी के तेज बहाव के कारण बाधा आई है। एफसीडी, डब्ल्यूआरडी बिहारशरीफ के अनुसार नदी का बहाव कम होने के बाद ही मरम्मती कार्य पूरा किया जा सकेगा। वर्तमान में किसी प्रकार की क्षति की आशंका नहीं है। हरनौत और रहुई में पंचाने नदी का जलस्तर घट रहा है। अस्थावां में जीराइन और सोईया नदी का पानी काफी कम है। यहां तटबंध मरम्मती का कार्य 100 प्रतिशत पूरा हो चुका है और तटबंध को और मजबूत करने का काम जारी है। सरमेरा में जीराइन नदी का जलस्तर धीरे–धीरे घट रहा है। यहां तटबंध मरम्मती का कार्य पूरा हो चुका है और स्थिति सामान्य है। बिंद में जीराइन, गोईग्वा और कुम्भरी नदी का जलस्तर काफी कम हो गया है। हिलसा में लोकाइन नदी का जलस्तर सामान्य से नीचे है। एकंगरसराय में मुहाने तथा इसलामपुर में जलवार नदी का जलस्तर घट रहा है। परवलपुर में मुहाने नदी का जलस्तर स्थिर है, जबकि नगरनौसा में नोनाई नदी में पानी आया ही नहीं है। चंडी में मुहाने नदी का जलस्तर घट रहा है। करायपरसुराय में लोकाइन नदी का पानी घटकर करीब आधा रह गया है। थरथरी में मुहाने और चिरैया नदी का जलस्तर स्थिर है। राजगीर में बारिश के कारण पैमार नदी का जलस्तर थोड़ा बढ़ा है, लेकिन स्थिति सामान्य है। सिलाव में शाशी और पंचाने नदी का जलस्तर कम हुआ है। वेन में पैमार नदी का जलस्तर थोड़ा घटा है। गिरियक और कतरीसराय में सकरी नदी का जलस्तर भी कम हुआ है। जिला प्रशासन के अनुसार जिले के विभिन्न अंचलों में नदियों के जलस्तर और तटबंधों की लगातार निगरानी की जा रही है। जहां मरम्मती कार्य की आवश्यकता है, वहां जलस्तर और नदी के बहाव को देखते हुए कार्य कराया जा रहा है। फिलहाल सभी संबंधित क्षेत्रों में स्थिति सामान्य बताई गई है। प्रशासन की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि जिले की अधिकांश नदियों में पानी घटने की स्थिति में है, जिससे संभावित बाढ़ का खतरा फिलहाल कम हुआ है। हालांकि प्रशासन जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# विकास योजनाओं में दिखे धरातल पर बदलाव, जनोपयोगी कार्यों से बदलेगी पंचायतों की तस्वीर : डीएम

## साप्ताहिक समन्वय–सह–समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, नगरनौसा डिग्री कॉलेज के लिए भूमि अधिग्रहण में तेजी का निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय–सह–समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, लोक शिकायत निवारण एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान राजस्व एवं दाखिल–खारिज मामलों की समीक्षा की गई। मामलों के करीब 81 प्रतिशत निष्पादन पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के साथ कार्यों में तेजी बनाए रखने का निर्देश दिया। नगरनौसा में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए भूमि अधिग्रहण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विधि–सम्मत संवाद स्थापित करते हुए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को अविलंब पूरा कराया जाए, ताकि कॉलेज के निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। लोक शिकायत निवारण के मामलों की समीक्षा के दौरान तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों (एसडीओ) को अपने–अपने अनुमंडल स्तर पर नियमित समीक्षा करने तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मामलों में स्पष्ट प्रगति दर्ज करने को कहा गया।



**एनीमिया मुक्त भारत अभियान में तेजी के निर्देश**

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान 'एनीमिया मुक्त भारत' अभियान की प्रगति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने नूरसराय प्रखंड में अभियान की गति को और तेज करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के दौरान राशन कार्ड निर्गमन में जिले के प्रदर्शन पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को कार्य में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडों में डीलरों के माध्यम से विशेष कैंप आयोजित कर बेहतर कार्य किया जा रहा है और सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के वीडियो साझा किए जा रहे हैं, उनसे अन्य प्रखंडों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों की कार्यप्रणाली को अन्य क्षेत्रों में लागू करने के लिए नॉलेज शेयरिंग आवश्यक है।

**पीएम सूर्य घर योजना में इंस्टॉलेशन बढ़ाने पर जोर**

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने साप्ताहिक लक्ष्य को शत–प्रतिशत हासिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में आवेदन सृजन की गति सराहनीय है, लेकिन आवेदन के मुकाबले इंस्टॉलेशन की कन्वर्जन दर को कम से कम 50 प्रतिशत तक पहुंचाना जरूरी है। अनुरक्षक भत्ता भुगतान की समीक्षा में बताया गया कि आवश्यक आवंटन प्राप्त होते ही शत–प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कर दिया जाएगा।

**हर पंचायत में करीब 10 ऐसी योजनाएं चुनने का निर्देश, जिनका दिखे सीधा असर**

सरकार के विशेष अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य केवल कागजों पर उपलब्धि दर्ज करना नहीं, बल्कि धरातल पर स्पष्ट और दृश्यमान बदलाव लाना होना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक पंचायत से प्राथमिकता के आधार पर करीब 10 ऐसी जनोपयोगी योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया, जिनसे पंचायतों में प्रत्यक्ष रूप से बदलाव दिखाई दे। उन्होंने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक भवनों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों के जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण, भवनों के रंग–रोगन, चबूतरा निर्माण तथा पहुंच पथों की साफ–सफाई जैसी योजनाओं को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के चयन में गंभीरता और रचनात्मकता बरतने का निर्देश दिया।

**मॉडल स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाने का निर्देश**


जिले के घोषित मॉडल स्कूलों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। इस दौरान स्मार्ट क्लास, नियमित होमवर्क, लेसन प्लान, कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल क्लास, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय के संचालन, खेल–कूद तथा प्रार्थना सभा में थॉट ऑफ द डे और समाचार–पत्र पाठन जैसी गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। जिलाधिकारी ने सभी मॉडल स्कूलों में बालिकाओं के लिए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण तैयार करने के लिए 'टीचर ऑफ द वीक' जैसे अभिनव कार्यक्रम संचालित करने को कहा। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अलग कक्षाएं संचालित करने, नियमित अभिभावक–शिक्षक बैठक आयोजित करने तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास योजनाओं में गुणवत्ता, समयबद्धता और जनोपयोगिता का विशेष ध्यान रखें, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ आम लोगों तक पहुंचे और पंचायतों में विकास का स्पष्ट एवं दृश्यमान बदलाव दिखाई दे।




# उदरस्थान बैराज के सभी 30 गेट बंद, जलस्तर में गिरावट का रुख, कुल 837 क्यूसेक डिस्चार्ज दर्ज

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** उदरस्थान बैराज की सोमवार सुबह 8 बजे जारी दैनिक गेज रिपोर्ट के अनुसार बैराज के सभी 30 गेट बंद हैं। किसी भी गेट से पानी की निकासी नहीं हो रही है। बैराज के जलस्तर में फिलहाल गिरावट का रुख दर्ज किया गया है। दैनिक रिपोर्ट के अनुसार उदरस्थान बैराज का अपस्ट्रीम बेड लेवल 77.00 मीटर है। वहीं अपस्ट्रीम जलस्तर 80.47 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम जलस्तर 75.77 मीटर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में आरएलसी में 508 क्यूसेक और एलएलसी में 329 क्यूसेक पानी का प्रवाह दर्ज किया गया है। दोनों को मिलाकर बैराज का कुल डिस्चार्ज 837 क्यूसेक रहा। वहीं डाउनस्ट्रीम डिस्चार्ज शून्य क्यूसेक दर्ज किया गया।बैराज की डिजाइन डिस्चार्ज क्षमता 1,59,000 क्यूसेक है। रिपोर्ट के अनुसार अब तक अधिकतम 1,26,101 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज 23 अगस्त 2025 को दर्ज किया गया था। वर्तमान स्थिति के अनुसार बैराज के सभी गेट बंद हैं और जलस्तर में लगातार गिरावट का ट्रेंड दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों की ओर से बैराज के जलस्तर एवं पानी के प्रवाह की नियमित निगरानी की जा रही है।

# हरनौत थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 19 वर्षीय युवती हुआ लापता पिता ने एक युवक पर शादी की नीयत से भगाने का लगाया आरोप



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के एक गांव के महादलित टोला से 19 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने एक युवक पर शादी की नीयत से उसे भगाने का आरोप लगाते हुए हरनौत थाना में लिखित आवेदन दिया है। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल लापता होने का सनहा दर्ज कर लिया है। वही युवती का अब तक पता नहीं चलने से परिजन काफी चिंतित हैं। परिजनों ने बताया कि युवती तीन सितंबर को हरनौत बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन की गई। इसके बाद थाना में आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि वेना थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी 20 वर्षीय युक्क पर युवती को शादी की नीयत से भगाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का कहना है कि युवती उस युवक से अक्सर बातचीत करती रहती थी। परिवार के लोगों ने बताया कि दोनों के मंदिर में शादी करने की जानकारी मिली है। परिजन चाहते हैं कि दोनों की विधिवत न्यायालय में शादी हो, ताकि भविष्य में किसी तरह का विवाद न हो। वही हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने सोमवार को बताया कि युवती के लापता होने का सनहा दर्ज किया गया है। युवती की बरामदगी के बाद उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तत्पर बिहारशरीफ अभियान के तहत 99 शिकायतों का 4 घंटे में निष्पादन

## शिकायत से समाधान तक त्वरित सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम की प्रभावी पहल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नगरवासियों को बेहतर, त्वरित एवं प्रभावी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा "तत्पर बिहारशरीफकृशिकायत से समाधान तक" अभियान की शुरुआत 27 अगस्त 2026 को की गई। अभियान के प्रथम चरण में विशेष रूप से कूड़ा जमाव एवं कूड़ा उठाव से संबंधित शिकायतों का अधिकतम चार घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान के तहत 27 अगस्त से 06 सितंबर 2026 तक कूड़ा उठाव एवं कूड़ा जमाव से संबंधित कुल 99 शिकायतें नगर निगम को प्राप्त हुईं। नगर निगम की टीम ने सभी शिकायतों पर त्वरित कार. 'वाई करते हुए निर्धारित चार घंटे की समय–सीमा के भीतर शत–प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया। शिकायतों के त्वरित निष्पादन की निगरानी के लिए नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों तथा उनके निष्पादन की स्थिति का प्रतिदिन गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। इससे अभियान की प्रभावी निगरानी के साथ–साथ कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है।



नगर आयुक्त, बिहारशरीफ नगर निगम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि "तत्पर बिहारशरीफ" अभियान के तहत प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित चार घंटे की टाइमलाइन के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का भी निर्देश दिया गया है।

नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उनके आसपास कूड़ा जमा होने या कूड़ा उठाव से संबंधित कोई समस्या है, तो इसकी सूचना "तत्पर बिहारशरीफ" अभियान के माध्यम से नगर निगम तक पहुंचाएं। नगर निगम द्वारा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय–सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# गिरियक प्रखंड क्षेत्र में नदियों का जलस्तर घटा, प्रशासन ने ली राहत की सांस



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट गिरियक (नालंदा)।** नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंड से गुजरे अलग– अलग नदियों का जलस्तर लगातार घट रहा है जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली है। जिला प्रशासन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिले के सभी 20 प्रखंड क्षेत्र में नदियों की स्थिति सामान और नियंत्रण में हैं। संवेदनशील स्थान पर तटबंधों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार गिरियक प्रखंड क्षेत्र से गुजरे पंचानवे नदी और सकरी नदी का जलस्तर घटने के बाद स्थिति सामान बताई गई है। वहीं जिला प्रशासन ने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों से सावधान रहने की अपील की है।

# किड्ज केयर कॉन्वेंट में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर निदेशक ने किया माल्यार्पण, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अर्पित किए पुष्प

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** किड्ज केयर कॉन्वेंट में शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और उनके योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों ने विभि न्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर विद्यालय के निदेशक विनय कुमार द्वारा माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं छात्र–छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. राधा. ष्णन के जीवन, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान तथा शिक्षक दिवस के महत्व को याद किया गया। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया। प्रार्थना सभा के दौरान डॉ. राधा. ष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने शिक्षकों की पारंपरिक विधि से पूजा–अर्चना कर उनके प्रति सम्मान एवं




कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का अभिवादन करते हुए उनके मार्गदर्शन, स्नेह और सहयोग के प्रति आभार जताया। बच्चों के इस भावपूर्ण सम्मान से समारोह में उपस्थित शिक्षक–शिक्षिकाएं भी भावुक नजर आए। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं भाषण के माध्यम से शिक्षकों के महत्व को रेखांकित किया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों में यह संदेश दिया कि शिक्षक उनके जीवन को सही दिशा देने, ज्ञान का प्रकाश फैलाने और बेहतर भविष्य का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समारोह में मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# ऑनलाइन क्विज में कुंदन कुमार पांडेय ने लिया हिस्सा, मिला प्रमाण–पत्र

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के निवासी सह राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी कुंदन कुमार पांडेय ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'विकसित भारत युवा नेता संवाद (टठल्स्क) 2027' के तहत आयोजित ऑनलाइन क्विज में सफलतापूर्वक भाग लिया। क्विज का आयोजन डल्ठींतंज के माध्यम से किया गया। क्विज में सहभागिता के लिए मंत्रालय की ओर से कुंदन कुमार पांडेय को 'Certificate of Participation' प्रदान किया गया। प्रमाण–पत्र पर मंत्रालय की ओर से उनकी सहभागिता के लिए बधाई देते हुए विकसित भारत के निर्माण में योगदान जारी रखने की अपील की गई है। प्रमाण–पत्र के अनुसार कुंदन कुमार पांडेय ने 7 सितंबर 2026 को आयोजित ऑनलाइन क्विज में भाग लिया। इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों एवं स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवाओं की ऐसी भागीदारी उन्हें देश निर्माण और राष्ट्रहित के कार्यों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

# एक सप्ताह से खराब नल–जल की टंकी, 150 घरों में पेयजल संकट



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड की पचौरा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या–4 में पीएचईडी विभाग द्वारा संचालित नल–जल योजना की पानी टंकी पिछले करीब एक सप्ताह से खराब पड़ी है। जलापूर्ति ठप रहने के कारण करीब 150 घरों में रहने वाले सैकड़ों ग्रामीणों के सामने भीषण गर्मी के बीच पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों को पीने के पानी के साथ–साथ घरेलू कार्यों के लिए भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड में नल–जल योजना के माध्यम से ही अधिकांश घरों तक पानी की आपूर्ति होती है। इसी पानी का इस्तेमाल पीने, खाना बनाने, नहाने और अन्य घरेलू कार्यों में किया जाता है। पिछले एक सप्ताह से टंकी की मशीन में खराबी आने के बाद पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। ऐसे में ग्रामीणों को दूर–दराज के चापाकल और अन्य स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है।

नल–जल योजना के संचालक सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुधीर कुमार ने बताया कि पानी की टंकी की मशीन में तकनीकी खराबी आ गई है। इसकी सूचना संबंधित वरीय अधिकारियों को दे दी गई है, लेकिन अब तक मरम्मत के लिए मिस्त्री नहीं पहुंचे हैं। मशीन की खराबी दूर होने के बाद ही जलापूर्ति सामान्य हो सकेगी। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार एक सप्ताह से पानी की सप्लाई बंद रहना गंभीर समस्या है। राजीव पासवान, दयानंद पासवान, मीना देवी, सुगी देवी, सुलेखा कुमारी, कृष्ण, गुंजा माधुरी, संजीत, सुनील और विजय समेत अन्य ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से तत्काल पानी की टंकी की मरम्मत कराकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि नल–जल योजना पर सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन तकनीकी खराबी आने के बाद समय पर मरम्मत नहीं होने से योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मोटर या स्टार्टर में खराबी की होगी जांच इस संबंध में पीएचईडी की जेई सुप्रिया कुमारी ने बताया कि मामले की जानकारी विभाग को है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मोटर जलने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है या स्टार्टर में खराबी है। मंगलवार को मिस्त्री को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आवश्यक मरम्मत कार्य कराकर जलापूर्ति जल्द बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 7033325120

# नेहुसा पंचायत में सात लाख की अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई आग के हवाले, लाखों का नुकसान

## अज्ञात बदमाशों पर आगजनी का संदेह, भवन समेत कचरा प्रसंस्करण की सामग्री जलकर राख; स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड की नेहुसा पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को संचालित करने वाली अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई (डब्ल्यूपीयू) को अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। सोमवार की रात करीब 10 बजे हुई इस आगजनी की घटना में डब्ल्यूपीयू भवन सहित उसमें रखी कचरा प्रसंस्करण एवं संग्रहण की सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों एवं पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक परमानंद पासवान ने बताया कि रात करीब 10 बजे डब्ल्यूपीयू में आग लगने की जानकारी मिली। देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तेज लपटों के कारण भवन की छत, दीवार और फर्श का प्लास्टर उखड़ गया है तथा भवन की संरचना को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इकाई में रखे बोतल, मल्टी–लेयर प्लास्टिक, सिरिंज, पुराना लोहा, पॉलिथीन सहित अन्य कचरा संग्रहण और प्रसंस्करण सामग्री जलकर राख हो गई। घटना के बाद पंचायत में कचरे की छंटाई और प्रसंस्करण का काम प्रभावित हो गया है।




**20 वार्डों से पहुंचता था कचरा**

नेहुसा पंचायत के सभी 20 वार्डों से ठेला गाड़ियों के माध्यम से प्रतिदिन एकत्रित कचरा इसी अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई में लाया जाता था। यहां कचरे को अलग–अलग कर उपयोगी एवं अनुपयोगी सामग्री का प्रसंस्करण किया जाता था। डब्ल्यूपीयू के संचालन से पंचायत की स्वच्छता व्यवस्था के साथ–साथ कई स्वच्छता कर्मियों का रोजगार भी जुड़ा हुआ है। स्वच्छता पर्यवेक्षक के अनुसार पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत कुल 25 कर्मी कार्यरत हैं। इनमें दो चालक, 20 सफाई कर्मी, एक स्वच्छता पर्यवेक्षक और कचरे की छंटाई करने वाले दो कर्मी शामिल हैं। इकाई का संचालन प्रतिदिन सुबह छह बजे से नौ बजे तक किया जाता था। आगजनी के कारण सोमवार को कचरे की छंटाई एवं प्रसंस्करण का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा।

**दो वर्ष पहले हुआ था भवन का निर्माण**

पंचायत सचिव विकास कुमार ने बताया कि करीब सात लाख रुपये की लागत से डब्ल्यूपीयू भवन का निर्माण लगभग दो वर्ष पूर्व शेरपुर गांव जाने वाली सड़क के किनारे कराया गया था। पंचायत के विभिन्न वार्डों से संग्रहित कचरे को इसी इकाई में लाकर उसकी प्रोसेसिंग की जाती थी। आगजनी के कारण भवन और मशीनरी एवं सामग्री को भारी नुकसान पहुंचा है।पंचायत की मुखिया मंजूषा कुमारी ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि आगजनी से पंचायत को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इससे पंचायत की स्वच्छता व्यवस्था के साथ–साथ स्वच्छ भारत अभियान को भी झटका लगा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**डायल–112 की टीम ने पहुंचकर ली जानकारी**

आग लगने की सूचना डायल–112 को दी गई। सूचना मिलते ही एएसआई मो. तालिब, एएसआई विकास कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों एवं पंचायत कर्मियों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद हरनौत थाना पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। प्रारंभिक तौर पर घटना को सुनियोजित आगजनी से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस–प्रशासन से घटना में शामिल लोगों की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी करने तथा क्षतिग्रस्त अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई को शीघ्र दुरुस्त कर दोबारा चालू कराने की मांग की है।

# पटेल समाज के सामाजिक उत्थान और एकजुटता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

## अखिल भारतीय पटेल परिषद की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सहयोग और युवाओं के मार्गदर्शन पर हुआ मंथन

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** अखिल भारतीय पटेल परिषद के तत्वावधान में बिहारशरीफ स्थित शांति कॉम्प्लेक्स, कचहरी मोड़ के पास सामाजिक उत्थान और एकजुटता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पटेल समाज के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपसी सहयोग, युवाओं के मार्गदर्शन और जरूरतमंद परिवारों की सहायता सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति एक–दूसरे के सुख–दुःख में सहभागी बने और जरूरत के समय मिलकर सहयोग करे। समाज के किसी सदस्य को सामाजिक परेशानी या आपसी विवाद का सामना करना पड़े तो परिषद के लोग शांतिपूर्ण तरीके से समाधान का प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को बेहतर संस्थानों की जानकारी, काउंसलिंग और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक या जानकारी के अभाव में समाज का कोई प्रतिभाशाली बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए।



स्वास्थ्य एवं सेवा के क्षेत्र में भी समाज के लोगों से जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की गई। अस्पताल में भर्ती मरीज को सहायता उपलब्ध कराने और रक्त की जरूरत पड़ने पर आगे बढ़कर सहयोग करने की बात कही गई। बैठक में राजीव कुमार (चंडी), लालबाबू (नर्सडा), चंद्र उदय कुमार (हरनौत), समाजसेवक मुन्ना बाबू (चंडी), प्रवीण कुमार (हिलसा), विनय कुमार (बराह), राजेश्वर बाबू (बिहारशरीफ) सहित नूरसराय, राजगीर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। अंत में उपस्थित सदस्यों ने पटेल समाज में एकता, शिक्षा, सेवा और सहयोग की भावना मजबूत करने तथा जरूरत के समय हर समाजजन के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।







